In the NEWS

Publication: **Dainik Jagaran** Region: **Kolkata** | Date: **12/07/2016** | Page No.: **11**

बंगाल में विस्तार करेगी रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस

◆ चालू वित्त वर्ष में 4000 सलाहकार जोड़ने की योजना

जागरण संवाददाता, कोलकाता : रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस ने पश्चिम बंगाल में आक्रामक तरीके से विस्तार करने की योजना बनायी है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में पश्चिम बंगाल में 4000 सलाहकार जोड़ने की योजना बनायी है। मार्च 2017 तक इसकी संख्या 9000 से ऊपर ले जाने का लक्ष्य रखा है। इस सिलसिले में मनोरंजन साहू, मुख्य एजेंसी अधिकारी, रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में पश्चिम बंगाल में कंपनी की पालिसियों की संख्या लगभग दोगुना 32000 से बढ़कर 50000 हो गयी है। कंपनी ने इनक्रिजिंग मनी बैक प्लान पेश किया है जो एक गैर-लिंक्ड, गैर भाग लेने वाली जीवन बीमा योजना है। कंपनी ने इस साल नवीकरण अनुपात को बढ़ाकर 70 फीसद करने

मीडिया से मुखातिब कंपनी के मुख्य एजेंसी अधिकारी मनोरंजन साहू।

का लक्ष्य रखा है। श्री साहू ने कहा कि पश्चिम बंगाल में गारंटीड मनी बैक पालिसी की मांग ज्यादा है। लिहाजा कंपनी ने आने वाले दिनों में गारंटीड रिटर्न मनी बैक पालिसी व प्लान के साथ परंपरागत उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है। कंपनी ने वर्ष के दौरान मौजूदा उत्पादों की श्रृंखला के साथ नया उत्पाद जोड़ने की भी योजना बनायी रही हैं।